तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, रविवार 25 अगस्त 2024

14 विधायक संगीता ने हलषष्ठी पर की पूजा



13 अरमूरकसा व टोला पारा में जनपद सदस्य संजय ने...





## खबर संक्षेप

### कोतवाली क्षेत्र में दो घरों में हुई चोरी का अब तक सुराग नहीं

**बालोद।** कोतवाली थाना क्षेत्र में करीब दस दिनों के भीतर दो अलग-अलग घरों में हुई 8 लाख 70 हजार रूपए की चोरी के मामले में अज्ञात चोरों तक पुलिस अब तक नहीं पहुंच पाई है। कोतवाली पुलिस और सायबर सेल की टीम लगातार सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटे हुए हैं, लेकिन पुलिस को अभी सुराग नहीं मिल पाया है। आपको बता दें कि थाना क्षेत्र में चोरी की घटना थमने का नाम नहीं ले रहा है। बीते दिनों एक पुलिस विभाग के निरीक्षक के घर लगभग पांच लाख रुपए की चोरी हुई थी, तो वहीं ग्राम सिवनी में एक किराए के मकान में रहने वाली एक व्यख्याता के घर से लगभग 6 लाख रुपए की चोरी भी हुई है। दोनों मामले में पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और पुलिस कर्मचारियों के अलावा अधिकारी भी अब चोरों की तलाश में संदिग्ध लोगों से लगातार पूछताछ कर रहे हैं। इस मामले में बालोद थाना प्रभारी रविशंकर पांडेय ने कहा कि चोरों की पतासाजी की जा रही है, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रहे हैं और संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### शेयर ट्रेडिंग टिप्स के नाम पर युवक से ठगी

**भिलाई।** शेयर मार्केट का टिप्स सिखने के नाम पर युवक ठगी का शिकार हो गया। घटना में आरोपी के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया है। मोहन नगर पुलिस ने बताया कि साकेत कॉलोनी दुर्ग निवासी सौरभ स्वर्णकार ने ऑनलाइन विज्ञापन देख शेयर ट्रेडिंग की टिप्स लेने टेलीग्राम एप के जरिए अज्ञात लोगों से संपर्क किया। पीड़ित को अज्ञात ने एक लिंक एप डाउनलोड करने को कहा गया। उसकी केवाईसी के लिए आधार व पैन कार्ड की फोटो भी अपलोड कराए गए। इसके बाद इंस्टीट्यूशनल ट्रेडिंग अकाउंट खुल गया। सौरभ को वाट्सएस ग्रुप में भी जोड़ा गया। अज्ञात ने सौरभ को झांसा दिया कि वाट्सएस ग्रुप के माध्यम से कौन से शेयर खरीदी-बिक्री करनी चाहिए इसकी जानकारी दी जाने लगी। सौरभ ने खरीदे एवं बेचे गए शेयर उसका लाभ सब कुछ उनके द्वारा डाउनलोड कराए एप में दिखाई पड़ता था। 19 जनवरी 2024 को एक आईपीओ लांच होने का झांसा देकर निवेश से अच्छे लाभ की जानकारी पीड़ित को दी गई। सौरभ ने कुल 14 लाख 65 हजार रुपए का निवेश कर डाला और ठगी का शिकार हो गया।

### अवैध कब्जे को निगम की टीम ने किया ध्वस्त

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई के जोन क्रमांक 3 मदर टेरेसा नगर अंतर्गत अवैध कब्जा हटाने की कार्यवाही की गई। जोन 3 वार्ड 30 प्रगति नगर केम्प-1 के गली में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा था। जिसे निगम की टीम द्वारा ध्वस्त कर मलवे को हटाने की कार्यवाही की गई। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव को सूचना मिली थी, कि जोन 3 क्षेत्र के वार्ड 30 प्रगति नगर केम्प-1 के गली में अवैध रूप से मकान का निर्माण किया जा रहा है।

### चयन आज

**दुर्ग।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में अंडर-23 एवं सीनियर वर्ग के खिलाडियों का चयन 25 अगस्त को सुबह 8.30 बजे से किया जायेगा। चयनित खिलाड़ी क्रिकेट बोर्ड बीसीसीआई, सीएससीएस एवं डीडीसी के टूर्नामेंट, ट्रेल्स तथा सिलेक्शन मैच में शिरकत करेंगे। खिलाडियों का चयन बैटिंग, बोलिंग एवं विकेट कीपिंग स्किल तथा फील्डिंग एवं फिजिकल टेस्ट के आधार पर किया जायेगा। ट्रायल्स से 25 संभावित खिलाडियों का चयन चयनकर्ताओं के देख रेख में किया जायेगा। ट्रायल्स में भाग लेने अंडर 23 खिलाड़ियों का कट ऑफ़ डेट 1 सितंबर 2002 से 31 अगस्त 2006 के खिलाड़ी भाग ले सकते हैं।

# श्री गणेश चतुर्थी 7 सितंबर को, प्रतिमाओं को आकार देने में जुटे मूर्तिकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ दल्लीराजहरा

इस वर्ष श्री गणेश चतुर्थी 7 सितंबर को है और इसके साथ ही 11 दिनों तक चलने वाले श्री गणेश उत्सव की शुरुआत हो जाएगी। पर्व को लेकर जहां अंचल में बच्चों से लेकर युवाओं खासा उत्साह देखा जा रहा है और अभी से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। वहीं दूसरी ओर दल्ली राजहरा शहर सहित आसपास के मूर्तिकार श्री गणेश की मूर्तियों को लोग आकार देने लगे हैं। इसके साथ ही दूर दराज से कलाकार दल्लीराजहरा शहर पहुंचकर विभिन्न प्रकार की मूर्तियों को आकार दे रहे हैं।

इन दिनों काली मिट्टी से भगवान श्री गणेश की मूर्ति बनाने का चलन धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है। यह

## दल्लीराजहरा में काली मिट्टी से बनाई जा रहीं विघ्नहर्ता की मूर्तियां



### विभिन्न आकार व स्वरूप में बनाई जा रही हैं मूर्तियां

उल्लेखनीय है कि इस त्योहार के लिए मूर्तियों की बड़ी मांग रहती है। कलाकार इन मूर्तियों को विभिन्न आकारों, डिजाइनों और रंगों में तैयार करते हैं। इस समय बाजार में मिट्टी और इको-फ्रेंडली सामग्री से बनी मूर्तियों की बहुत मांग होती है। गणेश चतुर्थी पर घरों और पंडालों में स्थापित की जाने वाली मूर्तियों को लेकर लोग बहुत उत्साहित होते हैं और कलाकारों के लिए ये एक व्यस्त समय होता है। गणेशोत्सव के दौरान हर जगह उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहता है।



एक पर्यावरण-अनुकूल विकल्प है, क्योंकि काली मिट्टी की मूर्तियाँ प्राकृतिक रूप से पानी में घुल जाती हैं, जिससे प्रदूषण कम होता है। इसके अलावा, यह परंपरा से जुड़ा होने के कारण भी लोगों में आकर्षण बढ़ रहा है। कलाकार अब काली मिट्टी का उपयोग कर अधिक से अधिक गणेश जी की मूर्तियों का निर्माण कर रहे हैं, ताकि यह पर्यावरण के साथ-साथ धार्मिक भावनाओं का भी सम्मान हो।

**प्रदर्शन :** एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन में पूर्व मंत्री अमितेश हुए शामिल

# विधायक देवेंद्र की गिरफ्तारी पर भड़की कांग्रेस, जिला मुख्यालय में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

■ पूर्व मंत्री ने कहा- भाजपा इस भ्रम में ना रहें कि हम उनसे डर जाएँगे

ज़िला कांग्रेस कमेटी द्वारा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कांग्रेस के निर्वाचित विधायक देवेंद्र यादव एवं युवा कांग्रेस, एनएस यूआइ के अध्यक्षों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर विभिन धाराओं पर एफ़आईआर दर्ज कर गिरफ्तार करने का आरोप लगाते हुए इसका विरोध किया। बालोद ज़िले में कार्यक्रम के प्रभारी के रूप में पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ला उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री शुक्ला ने कहा कि हम कांग्रेस के लोग अंग्रेजों के षड्यंत्रों से नहीं डरे और आज़ादी की लड़ाई लड़कर स्वतंत्रता प्राप्त की है। भाजपा इस भ्रम में ना रहे कि हम उनसे डर जाएँगे। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग जनता के बीच ये भ्रम ना फैलाएं कि हमारे निर्वाचित जनप्रतिनिधि दोषी हैं। उन्होंने कहा कि न्याय की लड़ाई हम सब मिलकर लड़ेंगे और अपने कार्यकर्ताओं और समाज को न्याय दिला कर रहेंगे। कार्यक्रम में उपस्थित ज़िले भर के कार्यकर्ताओं का ज़िला अध्यक्ष चन्द्रप्रभा सुधाकर ने आभार जताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से डोमेंड्र भेंडिया, कृष्णा दुबे, पुरुषोत्तम पटेल, रामजी भई पटेल, यज्ञदेव पटेल, संजय चंद्राकर, शिबू नायर, चंद्रेश हिरवानी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।



### अपनी नाकामी छुपाने भाजपा कर रही कार्रवाई : संगीता

सभा को संबोधित करते हुए विधायक संगीता सिन्हा ने कहा कि यह कार्रवाई भाजपा सरकार अपनी नाकामी छुपाने के लिए कर रही है। इसके साथ ही कांग्रेस के युवा कार्यकर्ताओं और नेताओं को जेल में डाल रही है, ताकि उनकी लचर प्रसाशिक व्यवस्था की पोल ना खुल जाए।

# राज्य प्रशासनिक सेवा संघ ने वाहन चालक गंगराले के विरूद्ध की कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

■ वाहन चालक द्वारा लगाए गए आरोपों को बताया झूठ, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

छत्तीसगढ़ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ ईकाई बालोद ने वाहन चालक कमल किशोर गंगराले पर झूठे आरोप लगाए जाने का आरोप लगाते हुए उस पर कड़ी कार्रवाई की मांग को लेकर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि वाहन चालक कमल किशोर गंगराले ने अपने अधिकारी को नाम से बुलाना, अधिकारी के गाड़ी में रहने के बावजूद धूम्रपान करना एवं गाड़ी चलाना, लगातार बिना लिखित सूचना दिये अवकाश पर रहना एवं अवकाश से वापस आकर कमल किशोर गंगराले द्वारा उपस्थिति पंजी में अनुपस्थित रहने के बावजूद हस्ताक्षर करना, डीजल पर्ची में स्वयं हस्ताक्षर कर शासकीय वाहन खराब होने की लिखित जानकारी अधिकारी को दी गई। जिसका आधार बनाकर अधिकारी पर झूठा आरोप लगाया गया एवं शासकीय वाहन चालक द्वारा मीडिया को झूठा बयान देते हुए अधिकारी की छवि धूमिल की। संघ के सदस्यों ने कहा कि समस्त जिला प्रशासनिक सेवा संघ इसकी निंदा करता है। राज्य प्रशासनिक सेवा संघ ने कलेक्टर से अनुरोध किया कि घटना के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 की सभी आवश्यक धाराओं के तहत एवं शासकीय सेवा के नियमों के उल्लंघन के विरूद्ध उक्त वाहन चालक पर कठोर एवं दण्डात्मक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी कनिष्ठ कर्मचारी द्वारा किसी भी राज्य प्रशासनिक अधिकारी की छवि धूमिल न की जा सके।

# जपं में पदस्थ क्लर्क के स्थानांतरण को लेकर दो पूर्व विधायक आमने-सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुण्डरदेही

■ दोनों ने एक-दूसरे पर लगाया आरोप

जनपद पंचायत में पदस्थ एक क्लर्क के स्थानांतरण को लेकर दो पूर्व विधायक आमने-सामने आ गए हैं। दोनों ने एक-दूसरे पर आरोप लगाया है। भाजपा के पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि गुण्डरदेही के पूर्व कांग्रेसी विधायक राजेंद्र राय, जिला पंचायत अध्यक्ष सोना देवी देशलहरा सरपंच संघ के ब्लाक अध्यक्ष व सरपंच डोमन देशमुख आदि की अगुवाई में गुण्डरदेही जनपद पंचायत में पदस्थ सहायक ग्रेड 03 हेमराज दिल्लीवार के स्थानांतरण को रोकने के लिए कलेक्टर कार्यालय में आवेदन के बाद जो बयान दिया है, वह अत्यंत ही निंदनीय है। उन्होंने कहा कि उक्त कर्मचारी का स्थानांतरण सरपंचों की शिकायत के आधार पर किया गया है। उक्त कर्मचारी हेमराज दिल्लीवार कांग्रेस के पूर्व विधायक राजेंद्र राय का निज सहायक रह चुका है। उक्त कर्मचारी के स्थानांतरण पर पूर्व कांग्रेस विधायक का सामने आना कहीं ना कहीं हेमराज दिल्लीवार द्वारा व्यवस्था बनाए रखना स्पष्ट प्रतीत होता है। जनपद पंचायत गुण्डरदेही में राजेंद्र राय, हेमराज दिल्लीवार व गुण्डरदेही नगर के कांग्रेसी व्यवसायी प्रवेश जैन की चर्चा हमेशा होती रहती है। दिल्लीवार का हटाया जाना कहीं ना कहीं राजेंद्र राय वह प्रवेश जैन की हितों को ठेस पहुंचाने वाला होगा, इसी के चलते राजेंद्र राय बौखलाए हुए हैं। उधर, पूर्व विधायक राजेंद्र राय ने कहा कि मैंने भाजपा की आजीवन सदस्यता ग्रहण की है। इसकी प्रति संगठन मंत्री को प्रेषित की है। रही बात हेमराज दिल्लीवार के स्थानांतरण को रुकवाने की तो मुझे जिला पंचायत जनपद सदस्य व सरपंचों ने फोन किया था कि कलेक्टर से मिलकर हेमराज दिल्लीवार का स्थानांतरण रुकवाना है। कलेक्टर से मुलाकात व स्थानांतरण रुकवाने में भाजपा व कांग्रेस के जनप्रतिनिधि भी शामिल थे। राजेंद्र राय ने बताया कि भाजपा के पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू ने कांग्रेस के जनपद अध्यक्ष सुचित्र साहू को गौण खनिज मद से काम दिलाया है, इसकी जांच होनी चाहिए। इसी तरह विरेन्द्र साहू ने भोथीपार के लेखराम साहू के परिवार के एक सदस्य का ट्रांसफर करवाया था, उसमें सौदाबाजी भी की थी।

# पाण्डेपारा दंतेश्वरी कला मंच में रामधुनी प्रतियोगिता कल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बालोद

शहर के पाण्डेपारा स्थित दंतेश्वरी कला मंच में श्री कृष्णजन्माष्टमी के अवसर पर रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय रामधुनी प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न गांवों व अन्य जिलों की रामधुनी मंडलियां भाग लेंगी।

पाण्डेपारा नगरवासियों द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में प्रथम स्थान से लेकर पंचम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के संचालक विमल साहू ने बताया कि बीते 53 सालों से लगातार रामधुनी प्रतियोगिता का आयोजन इस मंच पर हो रहा है और आगे भी निरंतर होगा। उन्होंने बताया कि प्रथम से लेकर पंचम पुरस्कार के अलावा प्रत्येक मंडली जो इस कार्यक्रम में भाग लेंगी, उन्हें 2151 रुपए सांत्वना राशि दी जाएगी।



## श्री कृष्ण जन्माष्टमी कल, स्कूलों में शनिवार को मनाया गया उत्सव




**बालोद।** सोमवार को श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया जाएगा। जिला मुख्यालय से लेकर ग्रामणी अंचलों में श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाने की तैयारी में लोग जुट गए हैं। वहीं, जिला मुख्यालय के तमाम शासकीय व निजी स्कूलों में शनिवार को ही कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। नन्हें बच्चों को कृष्ण भगवान व राधा के स्वरूप तैयार कर दही हांडी फोड़ने का कार्यक्रम स्कूलों में किया गया। इस दौरान कई नन्हें बच्चे भगवान श्री कृष्ण व राधा की वेशभूषा में नजर आए।

इस गड़बड़ी का असली जिम्मेदार कौन... पर उठाये जा रहे सवाल

# सीएम स्कूल जतन योजना में गड़बड़ी, जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ डौंडी

बालोद जिला सहित डौंडी ब्लॉक में मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना पर अनियमितता के प्रकरण सामने आने के बाद भी संबंधित उच्चाधिकारियों ने अब तक कोई जांच कारवाई नहीं करवाई है, जबकि शासन द्वारा दिए करोड़ों की राशि से मरम्मत कार्य के बाद कई स्कूल भवनों की स्थिति दयनीय बनी हुई है और बच्चे उसी स्कूल में अध्ययनरत है। यह खबर हरिभूमि में सबसे पहले प्रमुखता के साथ लगायी गई। सनद रहे बालोद जिला के विभिन्न स्कूलों में करोड़ों के मरम्मत कार्य अधूरा रहने के बावजूद निर्माण एजेंसी ने अधूरे मरम्मत कार्यों को पूर्ण बताकर ठेकेदारों का राशि का भुगतान पूरा कर दिया गया है। इस मामले में निर्माण एजेंसी पीडब्ल्यूडी विभाग ने ठेकेदारों का दस प्रतिशत और आरईएस विभाग ने छह प्रतिशत राशि रोककर रखने की जानकारी दी है। वहीं तीन दिन पूर्व बालोद जिला के ग्राम कोरगुड़ा स्कूल में छत का प्लास्टर गिरने से चार छात्र घायल हुए। मामले में प्रशासन द्वारा प्रधान पाठक व संकुल सम्वन्यक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं 21 अगस्त को डौंडी ब्लाक के ग्राम भर्रीटोला 36 के उच्चतर माध्यमिक स्कूल में छत के प्लास्टर गिर जाने की घटना बनी है। इस घटना की वास्तविक जानकारी बीईओ से लेने के बाद जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कार्रवाई की बात कही गई है, लेकिन जिस तरह करोड़ों-अरबों रुपए के फंड मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना में अधूरे मरम्मत कार्यों को पूर्ण बताकर ठेकेदारों का भुगतान पूरा कर दिया गया और इसकी भ्रष्टाचार सामने के बाद कोई कारवाई नहीं की जा रही है। हाल ही में स्कूल छत का प्लास्टर गिरने के मामले में प्रधान पाठक व संकुल सम्वन्यक पर सख्ती दिखाते हुए निलंबन की त्वरित कार्रवाई किए जाने से कुछ स्कूल शिक्षकों द्वारा कार्रवाई को लेकर सवाल उठाया जा रहा है। इस मामले में नाम ना छापने पर कुछ शिक्षकों ने कहा कि कोई भी स्कूल भवन जर्जर होने के पीछे इसका असल जिम्मेदार कौन है। संबंधित ठेकेदार, विभागीय अधिकारी, स्कूल प्रधान पाठक या संकुल सम्वन्यक..? यदि प्रधान पाठक और संकुल सम्वन्यक ही इसके दोषी बताए जा रहे हैं। तो फिर विभागीय अधिकारी व संबंधित ठेकेदार की क्या भूमिका रहती है। यदि इनकी कोई भूमिका ही नहीं रहती तो स्कूल भवन निर्माण या जीर्णोधार, मरम्मत कार्यों को प्रधान पाठक व संकुल सम्वन्यक के हवाले करना चाहिए। इसके बाद यदि स्कूल भवन में कोई घटना - दुर्घटना घटित होती है। तब नियमतः प्रधान पाठक और संकुल सम्वन्यक पर कार्रवाई की जाना चाहिए। वह भी ठोस रूप में ताकि संबंधित ठेकेदार व अधिकारी पर कोई सवालिया निशान लगाने की जुर्रत कोई ना कर सके। यह भी कहा जा रहा कि जब स्कूल भवन जर्जर हो रहा है तो इसकी मानिटिरिंग कर उचित समय में भवन निर्माण, जीर्णोधार, मरम्मत कार्य कराने की जवाबदेही किसकी बनती है। इस विषय में स्कूल शिक्षकों पर कार्रवाई किए जाने से तरह तरह के सवाल उठाए जा रहे है।



## पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100

## खबर संक्षेप



### लगाए पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

**रायपुर।** बेटी बचाओ मंच विप्रनगर के पदाधिकारियों ने आसपास के घरों के उद्यानों में पपीता, बिही, रातरानी, गुड़हल, बेला व अन्य फल-फूलदार पौधे लगाए। वहीं तालाब किनारे आम, जामुन, बेल के पौधे लगाए। इस अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने पदाधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण तथा संवर्धन की शपथ दिलाई। आयोजन में मुख्य रूप से विप्रनगर अध्यक्ष शशि यादव, उपाध्यक्ष नमिता डडसेना, रश्मि कश्यप, प्रचार सचिव लीना सिन्हा सहित पदाधिकारी श्रद्धा उपाध्याय, रीता शर्मा, सीमा कश्यप, कविता शर्मा, आरती जैन, भावना ग्वाल व सदस्य शामिल हुए।

### कोलकाता केस, निकाला कैंडल मार्च, दी श्रद्धांजलि



**रायपुर।** कलकत्ता में महिला चिकित्सक से हुई दुखद घटना के विरोध में दोषियों को सख्त सजा दिलाने रायपुर ब्राइट फाउंडेशन ने कैंडल मार्च निकाला एवं दिवंगत चिकित्सक को श्रद्धांजलि अर्पित की। संस्था के अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत, डॉ. मनोज ठाकुर, बिहारी लाल शर्मा, प्रवक्ता चेतन चंदेल, राजू साहू, रोटरी क्लब के अध्यक्ष नामोचंद मोरियानी, अन्नपूर्णा शर्मा, अरुणा यादव, रामभरोसे अग्रवाल, छबिलाल सोनी, राज श्रीवास, राजू श्रीवास, रमेश दाऊलाल श्रीवास, नारायण प्रसाद सेन आदि ने इस जघन्य कांड के आरोपियों को कड़ी सजा दिलाने की मांग की।

### डीडी राशि जमा नहीं करने पर राशन दुकान सस्पेंड

**रायपुर।** जिला खाद्य विभाग ने डीडी राशि जमा नहीं करने के मामले में एक राशन दुकान को सस्पेंड कर दिया है। दुकान का संचालन महिला शक्ति स्वसहायता समूह द्वारा किया जा रहा था। जिला खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा ने बताया कि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति निगम के संचालक के निर्देश है कि राशन दुकान के संचालकों द्वारा डीडी राशि समय पर जमा कराई जाए। समय पर डीडी राशि जमा नहीं करने से सार्वजनिक वितरण प्रणाली में बाधा उत्पन्न होती है। विभाग के इस निर्देश के परिपालन में राशन दुकान समय पर डीडी राशि जमा करा रहे है या नहीं इसका निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ स्टेट सिविल सप्लाईज कार्पोरेशन लिमिटेड रायपुर से जानकारी मिली कि गुढ़ियारी स्थित 441001335 आईडी की राशन दुकान द्वारा 26 हजार रुपए की डीडी राशि समय पर जमा नहीं कराया है। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली नियंत्रण आदेश 2016 के अधिनियम 1955 की धारा 3,7 के अंतर्गत यह दंडनीय है, इसलिए इस मामले में दुकान को निलंबित किया है।

### रिश्वत मामला, सरपंच की जमानत अर्जी खारिज

**रायपुर।** जमीन के नक्शे और एनओसी देने के लिए 18 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए पकड़े गए डोमा ग्राम पंचायत के सरपंच देव सिंह बघेल का कोर्ट ने जमानत आवेदन खारिज कर दिया है। आरोपी ने स्वयं को निर्देश बताते हुए झूठे मामले में फंसाए जाने की बात कहते हुए जमानत का लाभ दिए जाने कोर्ट में अर्जी दाखिल की थी। अभियोजन पक्ष ने इसका विरोध करते हुए अदालत को बताया कि सरपंच देव सिंह बघेल और सचिव धर्मेंद्र कुमार जायसवाल को जांच एजेंसी ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा था। जमानत दिए जाने पर वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद जमानत आवेदन को खारिज कर दिया।

### निधि आपके निकट 27 को

रायपुर। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर द्वारा 27 अगस्त को निधि आपके निकट के अंतर्गत छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी 33 जिलों में कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

# आठ बार टेंडर पर निगम की 208 दुकानें लीज पर लेने में व्यापारी नहीं ले रहे रुचि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर निगम प्रशासन ने आय बढ़ाने के लिए शहर के अलग-अलग क्षेत्र में 32 स्थानों पर व्यावसायिक मार्केट विकसित करते हुए 4060 दुकानों और हाल का निर्माण करवाया है। इनमें से जिन दुकानों को लाइसेंसी प्रक्रिया के तहत व्यापारियों को देने के लिए प्रक्रिया की गई, उनको लेने में ही रुचि ली। जिन दुकानों को 10 से 30 साल के लिए लीज पर देने के लिए पांच साल में 8 बार टेंडर किया, उन्हें लेने के लिए आगे नहीं आ रहे हैं। इससे 208 दुकानें खाली हैं। राजधानी में निगम ने विभिन्न मार्गों पर व्यावसायिक बाजार डेवलप करने के बाद कमाई बढ़ाने का प्रयास तो किया है, लेकिन इनमें सात मार्केट में दुकानें खाली पड़ी हैं। इसकी पड़ताल में पता चला कि निगम ने जिन दुकानों को लाइसेंसी प्रक्रिया के तहत व्यापारियों को देने की मुहिम चलाई, उसे लोगों ने लिया है। वहीं जिन दुकानों को लीज पर देने के लिए पांच साल में आठ बार टेंडर किया, वे अभी तक विरान पड़ी हैं। इनमें जयस्तंभ चौक स्थित मल्टीलेवल पार्किंग में विकसित किया गया हाल भी शामिल है। इनसे कमाई की उम्मीद में निगम के पास बार-बार टेंडर निकालने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचा है। इसके बाद भी कोई रिस्पांस नहीं मिल रहा हैं। इससे निगम की कमाई अटकने के साथ ही हर साल मेंटेनेंस पर लाखों रुपए खर्च करना पड़ रहा है।

अलग खबर

## रायपुर निगम 5 साल से कर रहा प्रयास पर सिर्फ लाइसेंसी दुकानें ही हुई बुक

### इस वजह से रिस्पांस नहीं

लीज पर निगम की दुकानों को लेने में लोग रुचि क्यों नहीं ले रहे हैं, इसकी वजह जांचने पर पता चला कि निगम ने लीज की राशि अलग-अलग क्षेत्र के लिए लाखों रुपए तय की हैं। इसके चलते कम लागत में व्यावसाय शुरू करने की इच्छा रखने वाले मार्केट की खाली दुकानों को रिस्पांस नहीं दे रहे हैं, क्योंकि उससे कम में उन्हें किराए की दुकान आसानी से मिल रही है। इसके चलते वे निगम के द्वारा विकसित किए गए बाजार में जाने से बच रहे हैं। इसका खामियाजा निगम को वर्षों से भुगतना पड़ रहा है। मार्केट की इन दुकानों को व्यवस्थित करने मेंटेनेंस भी करवा रहे हैं।



### यहां की दुकानें वर्षों से खाली

निगम ने शहर में निर्मित मुख्यमंत्री स्वावलंबन योजना की 948 में से 100 दुकानें पांच साल में किसी को 10 साल की लीज पर देने की मुहिम में सफल नहीं हुआ। वहीं जवाहर बाजार की 168 में से 16 दुकानों को व्यापारी रिस्पांस नहीं दे रहे हैं। क्रिस्टल आर्केट व मोहबा बाजार के पास विकसित किए गए मार्केट में भी 31 में से 23 दुकानें विरान है। अग्रसेन चौक मंगलम भवन के पास 88 में से 05 दुकानें खाली हैं। गांधी मैदान की 84 में से 62 दुकानें वर्षों स टेंडर का हिस्सा हैं। कंकालीपारा में एक दुकान तो जयस्तंभ चौक स्थित मल्टी लेवल पार्किंग का हाल भी खाली है।

### फिर करेंगे टेंडर

जिस-जिस क्षेत्र की दुकानें खाली हैं, उन्हें लीज पर देने के लिए जल्द ही जरूरी सुधार करवाया जाएगा। इसके बाद फिर से टेंडर प्रक्रिया की जाएगी। इसके पहले दुकानों की जांच करवाने के बाद जरूरी काम करवाने के लिए दिशा-निर्देश दिया है।

- **आरके डोंगरे,** उपायुक्त, बाजार विभाग, नगर निगम, रायपुर

## हाईकोर्ट ने पूछा- क्या अभी भी बिलासपुर जोन में स्पेशल बनकर चल रही ट्रेनें?

# कोरोना खत्म, पर लोकल ट्रेनों से नहीं हटा स्पेशल टैग, कभी रद्द तो कहीं हो जाती है खड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- मेल एक्सप्रेस ट्रेनों से रेलवे ने हटा दिया है स्पेशल टैग, लोकल अब भी स्पेशल बनकर चल रही

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में अब भी लोकल ट्रेन स्पेशल बनाकर चलाई जा रही है, जबकि रेलवे ने सभी मेल एक्सप्रेस ट्रेनों से स्पेशल टैग पहले ही हटा दिया गया है। लोकल से यह टैग जोन ने अभी तक नहीं हटाया है। इसको लेकर छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में जनहित याचिका पर सुनवाई हुई, जिसमें हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा व जस्टिस बीडी गुरु की डिवीजन बेंच ने पूछा कि क्या अभी भी बिलासपुर जोन में स्पेशल बनकर चल रही हैं ट्रेनें। सुनवाई के बाद डिवीजन बेंच ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के डीआरएम को शपथपत्र के साथ जानकारी पेश करने के निर्देश दिए हैं। हरिभूमि ने स्पेशल टैग को लेकर पड़ताल की। याचिकाकर्ता अधिवक्ता सुदीप श्रीवास्तव का कहना है कि ट्रेन के विलंब से चलने का डाटा रेलवे बोर्ड को केवल नियमित ट्रेनों का दिया जाता है। स्पेशल ट्रेन अगर कितनी भी विलंब से चले इसका डाटा बोर्ड तक नहीं पहुंचता है। बीते कुछ महीने में जोन में सार्वाधिक लोकल ट्रेनों को रद्द किया है। स्पेशल टैग होने से जोन अपनी सुविधा अनुसार रद्द कर देता है। बाकी नियमित ट्रेनों को रद्द रेलवे बोर्ड द्वारा किया जाता है।



### आउटर में खड़ी रहती है घंटों ट्रेन

स्पेशल टैग होने से रेलवे बोर्ड तक लोकल ट्रेन के लेटलतीफी का डेटा नहीं भेजा जाता है। इसका फायदा का रेलवे का ऑपरेटिंग विभाग उठाता है। विलंब एक्सप्रेस ट्रेनों का समय सुधारने के लिए आउटर में ट्रेनों को घंटों रोका जा रहा है। स्पेशल टैग हटने से जोन को बाकी ट्रेनों की तरह लोकल ट्रेन का डाटा देना होगा।

### डिप्टी सॉलिसिटर की जानकारी को याचिकाकर्ता ने ठहराया गलत

*रेलवे की तरफ से उपस्थित डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकांत मिश्रा ने कोर्ट को बताया कि 21 फरवरी 2024 से रेलवे बोर्ड ने सभी पैसेंजर और लोकल और मेमू ट्रेनों को भी रेगुलर ट्रेन के रूप में चलने का आदेश दे दिया है और वह इस बिलासपुर जोन पर भी लागू है। इस पर याचिकाकर्ता अधिवक्ता ने कहा कि उसने आज ही एक शपथ पत्र दाखिल कर यह बताया है कि अभी भी बिलासपुर जोन में पैसेंजर लोकल और मेमू ट्रेन स्पेशल ट्रेन के रूप में ही चलाई जा रही है और इनका नंबर जीरो से शुरू होता है, जो रेलवे में इस बात को बताता है कि उक्त ट्रेन स्पेशल ट्रेन है।*

### स्पेशल ट्रेन के परिचालन में अफसरों की दखलंदाजी

याचिकाकर्ता अधिवक्ता श्रीवास्तव ने बताया कि स्पेशल ट्रेन होने के कारण उसका कोई भी समय और स्टॉपेज या उसका चलना पूरी तरह रेलवे अधिकारियों के हाथ में होता है। स्पेशल ट्रेन के परिचालन में अचानक बदलाव कर दिए जाते हैं। इस कारण भी यात्रियों को भारी परेशानी हो रही है। सुनवाई के बाद हाई कोर्ट की डिवीजन बेंच ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर के डीआरएम को नोटिस जारी कर पूछा है कि क्या अभी भी रेलवे बोर्ड के आदेश के बाद पैसेंजर लोकल और मेमू ट्रेन स्पेशल ट्रेन के रूप में ही चलाई जा रही है और अगर ऐसा है तो ऐसा क्यों किया जा रहा है। शपथ पत्र के साथ जवाब पेश करने का निर्देश दिया है। जवाब दाखिल करने के लिए डीआरएम को एक सप्ताह का समय दिया गया है। अंतिम सुनवाई उसके बाद होगी।

# मलेरिया पीड़ित ने तोड़ा दम, अस्पताल पर लापरवाही का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- परिजनों का आरोप- आंबेडकर अस्पताल में सही समय पर दवा नहीं मिली

मलेरिया और निमोनिया से पीड़ित होने के बाद इलाज के लिए आंबेडकर अस्पताल पहुंचे मरीज की मौत हो गई। परिजनों ने आरोप लगाया है कि युवक को सही समय पर दवा नहीं मिली, जिसकी वजह से उसकी जान चली गई। समझादश के बाद परिवार वाले शव लेकर चले गए। जानकारी के अनुसार मूलतः ओडिशा का रहने वाला तेजू महानंद स्टेशन रोड की फैक्ट्री में काम करता है। बताया जाता है कि पिछले तीन-चार दिनों से उसकी तबीयत खराब थी, गुरुवार को स्थिति ज्यादा खराब होने पर फैक्ट्री प्रबंधन से जुड़े लोग उसे निजी अस्पताल ले गए। जांच के दौरान उसे मलेरिया और निमोनिया होने का पता चला। गंभीर स्थिति को देखते हुए निजी अस्पताल के चिकित्सकों ने उसे भर्ती करने की सलाह दी। कंपनी प्रबंधन के लोग तेजू को निजी अस्पताल में भर्ती करने के बजाए आंबेडकर अस्पताल ले आए। इमरजेंसी में जांच के बाद उसे वार्ड नंबर आठ में भर्ती किया गया था, जहां आज सुबह उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। तेजू के साथ अस्पताल में मौजूद शमीम खान सहित अन्य लोगों ने आरोप लगाया है कि अस्पताल में सही तरीके से उपचार नहीं मिला। कल दोपहर भर्ती किए गए मरीज को आज सुबह देखने के बाद डाक्टर ने एक दवा लिखी, मगर नर्सिंग स्टाफ ने दवा देने में गंभीरता नहीं दिखाई, जिसकी वजह से काफी समय तक तड़पने के बाद तेजू की मौत हो गई। इस मामले में अस्पताल प्रबंधन का तर्क है कि तेजू महानंद को गंभीर स्थिति में इलाज के लिए लाया गया था। उसे आवश्यक इलाज दिया गया, मगर उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। समझाइश के बाद मान गए और शव लेकर चले गए।



# तीन सौ वर्गफीट शासकीय भूमि पर बनी अवैध दुकान तोड़ी गई



रायपुर न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जोन-4 क्षेत्र अंतर्गत सारथी चौक के पास तीन सौ वर्गफीट शासकीय भूमि पर कब्जा कर वहां बनाई गई अवैध दुकान को नगर निगम टीम ने तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।

ब्राम्हणपारा वार्ड क्रमांक 44 के सारथी चौक के पास लगभग 3 सौ वर्गफीट शासकीय भूमि पर एक व्यक्ति ने दुकान बनवा ली थी। इस संबंध में जोन कार्यालय में शिकायत की गई थी। इस शिकायत पर निगम अधिकारियों ने जब भूमि का पता लगाया, तो पता चला कि भूमि शासकीय है, जिस पर अवैध रूप से दुकान का निर्माण किया गया है। शासकीय भूमि पर अवैध रूप से दुकान बनाने वाले को 7 सौ वर्गफीट की भूमि पट्टे पर आबंटित हुई है।

इस भूमि के अलावा व्यक्ति ने 3 सौ वर्गफीट शासकीय जमीन पर भी कब्जा कर लिया था। इस मामले में निगम ने व्यक्ति को अवैध कब्जा हटाने के लिए 3 बार नोटिस भी जारी किया था। इसके बाद भी शासकीय भूमि को खाली नहीं किया जा रहा था। अधिकारी शुक्रवार को उड़नदस्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचा और अवैध दुकान को जेसीबी से तोड़कर हटाने की कार्रवाई की।

# वीआईपी ड्यूटी से लौट रही पुलिस जीप की पिकअप के साथ आमने-सामने टक्कर



- टिकरापारा टीआई सहित अन्य पांच पुलिसकर्मी घायल
- पिकअप के ओवरटेक करने के दौरान हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

माना थाना क्षेत्र में वीआईपी ड्यूटी से लौट रही टिकरापारा पुलिस जीप की पिकअप वाहन में आमने-सामने टक्कर होने से टीआई सहित आधा दर्जन पुलिसकर्मी चोटिल हुए हैं। घायल पुलिसकर्मियों को उपचार के लिए रामकृष्ण अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुरानी बस्ती सीएसपी राजेश देवांगन के मुताबिक पुलिसकर्मियों की हालत ठीक है, किसी को गंभीर चोट नहीं आई है। घटना शुक्रवार दोपहर की है।

सीएसपी के मुताबिक केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के दौरे को देखते हुए टिकरापारा पुलिस की ड्यूटी माना हेलीपैड पर लगाई गई थी। दोपहर टिकरापारा टीआई सहित पुलिसकर्मी ड्यूटी से लौट रहे थे। इसी दौरान माना बस्ती के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने एक अन्य वाहन को ओवरटेक किया। पिकअप के ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रही पुलिस टीम की गाड़ी के साथ सामने से टक्कर हो गई। पुलिस जीप की रफ्तार कम होने की वजह से बड़ी घटना टल गई और पुलिसकर्मियों को सामान्य चोटें आई हैं।

ज्यादातर पुलिसकर्मियों के सिर में चोटें लगी हैं। घटना के समय मौके पर उपस्थित लोगों ने घटना की जानकारी माना पुलिस को देने के साथ घायल पुलिसकर्मियों को उपचार कराने अस्पताल पहुंचाने में मदद की।

# छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कॉलेजों की फीस तय अधिक वसूला तो होगी कार्रवाई- फीस विनियामक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के निजी मेडिकल कालेजों द्वारा अधिक फीस वसूली को लेकर प्रवेश व फीस विनियामक समिति ने अंतरिम फीस निर्धारित की है। इसके तहत तीन निजी मेडिकल कालेजों के एमबीबीएस व दो निजी मेडिकल कालेजों में संचालित स्नातकोत्तर (पीजी) सीटों के फीस तय कर दिए गए हैं। फीस वर्ष-2024 से 2027 तक के लिए लागू होगी।



### तय फीस में सभी सुविधा शामिल, अधिक नहीं ले सकते

फीस विनियामक समिति के अधिकारियों ने कहा है कि मेडिकल पाठ्यक्रम के लिए अंतरिम तय फीस में सभी सुविधाएं शामिल हैं। संस्थानों को निर्देशित किया गया है कि प्रति वर्ष तय किए गए फीस में मेडिकल छात्रों से यूनिफार्म, आइडी कार्ड, लेबोरेटरी, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों, खेलकूद, एनएसएस, भवन, फर्नीचर, उपकरण आदि मदों में कोई अतिरिक्त राशि वसूल नहीं किया जाएगा। किसी भी तरह की फीस की तय राशि से अधिक की वसूली हुई तो निजी मेडिकल कालेजों पर कार्रवाई की जाएगी।

### सबसे अधिक फीस श्रीबालाजी में

प्रवेश एवं फीस विनियामक समिति केअधिकारियों ने बताया कि श्री बालाजी इंस्टिट्यूट आफ मेडिकल साइंसेस मोवा, रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस और रिसर्च सेंटर नवा रायपुर और अभिषेक आई मिश्रा मेमोरियल कॉलेज एंड रिसर्च, जुनवानी भिलाई के लिए हुए फीस निर्धारण में सबसे अधिक श्रीबालाजी में 8 लाख 2 हजार 7 सौ रुपये प्रति वर्ष फीस तय की गई है। रावतपुरा सरकार इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस और रिसर्च सेंटर एवं अभिषेक आई मिश्रा मेमोरियल कॉलेज एंड रिसर्च जुनवानी भिलाई दोनों इंस्टिट्यूट में एमबीबीएस पाठ्क्रम के लिए 7 लाख 45 हजार 187 रुपए प्रतिवर्ष निर्धारित किए गए है।

### क्लीनिकल सीटों के लिए लगेगी ये रकम

रायपुर इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस (रिम्स) गोढ़ी में स्नातकोत्तर की क्लीनिकल सीटों के लिए 9 लाख 84 हजार से 500 रूपए प्रति वर्ष छात्रों को फीस देनी होगी। वहीं प्री-क्लीनिकल/ पैरा-क्लीनिकल के लिए प्रति वर्ष 7.92 लाख रुपये से 8.48 रुपए तक फीस तय हुई है। श्री शंकराचार्य इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस जुनवानी भिलाई में स्नातकोत्तर की क्लीनिकल सीटों के लिए 10 लाख 54 हजार रूपए प्रति वर्ष छात्रों को फीस देने होंगे। इसी प्रकार प्री-क्लीनिकल/पैरा-क्लीनिकल के लिए प्रति वर्ष 8 लाख 48 हजार 200 रुपये फीस तय की गई है। विनियामक समिति ने निजी मेडिकल कालेजों के निरीक्षण, जांच, पड़ोसी राज्यों में प्रचलित फीस की दर और छत्तीसगढ़ की स्थिति प्रति व्यक्ति औसत आय आदि तथ्यों को देखते हुए बैठक कर फीस तय की गई है।

# माता कौशल्या संग तीजा त्योहार राजेश्री महंत करेंगे प्रथम आरती

- मूर्ति निर्माण के लिए मिट्टी अयोध्या से लाकर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पीरुराम को सौंप दी गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

चित्रोत्पला लोककला परिषद और नगर पंचायत चंद्रपुरी जिले के ग्रामवासियों के संयुक्त प्रयास से 2 सितंबर से 7 सितंबर तक भगवान श्रीराम के ननिहाल अर्थात माता कौशल्या की जन्मस्थली चंदखुरी में आयोजित माता कौशल्या संग तीजा तिहार कार्यक्रम के पहले दिन माता कौशल्या की मूर्ति के स्थापना के समय 3 सितंबर को पहली आरती के अवसर पर दूधाधारी मठ के प्रधान राजेश्री महंत डॉ. रामसुंदर दास उपस्थित रहेंगे और पहली आरती उनके द्वारा की जाएगी। कार्यक्रम के व्यवस्था के संबंध में जोर-शोर से तैयारियां शुरू कर दी गई हैं और लोगों को निमंत्रण भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को अशोक तिवारी, राकेश तिवारी और डॉ. पुरुषोत्तम चंद्राकर ने दूधाधारी मठ पहुंचकर राजेश्री महंतजी को निमंत्रण पत्र भेंट किया तथा उनसे 3 सितंबर की आरती में पधारने का निवेदन किया, जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। आयोजकों ने बताया कि इस छह दिवसीय आयोजन में प्रत्येक दिन कोई विशिष्ट अतिथि आरती के समय उपस्थित रहेंगे। इन सभी दिनों में अलग-अलग धार्मिक सांस्कृतिक गतिविधियां तो होंगी ही, साथ ही प्रसाद में केवल ठेठरी, खुरमी जैसे छत्तीसगढ़ी व्यंजन ही लोगों को वितरित किए जाएंगे। मूर्ति निर्माण के लिए मिट्टी अयोध्या से लाकर सुप्रसिद्ध मूर्तिकार पीरुराम को सौंप दी गई है। मूर्ति निर्माण लगभग पूरा हो गया है। 2 तारीख को उसकी चंदखुरी में स्थापना की जाएगी, तब से लेकर 7 सितंबर तक नियमित पूजा-अर्चना और आरती की जाएगी। कलाकार राकेश तिवारी ने आयोजन के लिए विशेष रूप से छत्तीसगढ़ी में माता कौशल्या की आरती तैयार कर रिकॉर्ड की है और उनकी सेवा में कुछ छत्तीसगढ़ी में भजन भी तैयार किए हैं।



# लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने पहल महिला पत्रकारों के लिए कक्ष बनवाने सहमति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भगवान जगन्नाथ के प्रति बचपन से ही प्रगाढ़ आस्था रही। उनकी भक्ति करते हुए सरायपाली व रायपुर से शिक्षा प्राप्त करने के बाद 1980 में वकालत शुरू की। इंकम टैक्स से जुड़े केस देखते-देखते क्षेत्र के लोगों से मेल-जोल बढ़ा।

सरोकार से जुड़ा और छत्तीसगढ़ सर्व ओड़िया समाज का गठन करके उनके जीवन में बदलाव के साथ आस्था को सम्मान देते हुए पुरी के बाद भव्य मंदिर निर्माण के लिए पहल की। प्रभु की कृपा से जनता की सेवा का भी अवसर मिला, इन्हीं संवादों से रायपुर उत्तर के विधायक पुरंदर मिश्रा शुक्रवार को प्रेस से मिलिए में मुखातिब हुए। राजधानी में विधायक बनने के बाद लोगों को ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए पहल पहली प्राथमिकता है। इसके लिए हर संभव प्रयास कर रहा हूं, इसे आगे भी जारी रखूंगा। श्री मिश्रा ने सवालों का जवाब देते हुए कहा कि उत्तर क्षेत्र में ट्रैफिक जाम की समस्या इसलिए खत्म नहीं हुई, क्योंकि जिस तरह का प्रयास होना चाहिए था, वह शायद नहीं हो पाया। मेरा राजनीतिक जीवन प्रभु कि भक्ति व जनता की सेवा से जुड़ा है। अभी तक 15 करोड़ का विकास कार्य शुरू किया है। इनमें अधूरे नालों का निर्माण शामिल है। आगे कई प्रोजेक्ट लोगों को ट्रैफिक जाम से बचाने के लिए बना रहा हूं। इसमें आप लोगों की सलाह भी लूंगा । आज आपके बीच आया तो पता चला कि प्रेस क्लब में महिला पत्रकार बहनों के लिए अलग से बैठक व्यवस्था की सुविधा नहीं मिल रही है। उनके लिए अलग से कमरा बनवाने 5 लाख रुपए देने की सहमति देता हूं। मेरी इच्छा है कि पत्रकार बहनों को सर्व सुविधा युक्त बैठक व्यवस्था जल्द दे सकूं।



- उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा ने प्रेस से मिलिए में की चर्चा

खबर संक्षेप



### कल्पना ने 7वीं बार किया रक्तदान

**बालोद।** शासकीय नेमीचंद जैन महाविद्यालय दल्ली राजहरा के राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेविका एवं सामाजिक कार्यकर्ता कल्पना बंबोड़े ने अपनी मां के जन्मदिन पर जिला अस्पताल पहुंचकर रक्तदान किया। कल्पना ने बताया कि यह उनका 7वां रक्तदान है। इस कार्य के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना की जिला संगठन डॉ लीना साहू, प्राचार्य डॉ अरुण कुमार व्ही, एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी राजेश ठाकुर, वरिष्ठ स्वयंसेविका मनीषा राणा ने हर्ष व्यक्त किया।
कल्पना ने बताया कि रक्तदान को लेकर आज भी लोगों के मन कई तरह के भ्रम होते हैं। जबकि रक्तदान करने से हमारे शरीर को कोई नुकसान नहीं होता, बल्कि कई लाभ होते हैं। उन्होंने कहा कि रक्तदान हृदय के स्वास्थ्य को बढ़ाता है, कैंसर का खतरा कम होता है, नई ब्लड सेल्स को बनाने में बढ़ाने तथा वजन घटाने में मदद मिलती है।

### शीतला मंदिर सुपेला में 27 को जस गायन

**भिलाई।** मां शीतला युवा विकास समिति द्वारा 27 अगस्त को इंदिरा नगर वार्ड 16 शीतला मंदिर प्रांगण सुपेला में जय भजन संध्या का आयोजन किया गया है। इससे पहले माता की भव्य महाआरती होगी। शाम 6 बजे कुंवारी माता कातरो द्वारा महाआरती एवं शाम 7 बजे से छत्तीसगढ़ के जस सम्राट दुकालू यादव द्वारा जस भजन गायन की प्रस्तुति दी जाएगी। आयोजक दीपक साहू ने बताया कि कार्यक्रम में सभी स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा आसपास के मोहल्लेवासी भी शामिल होंगे। आयोजन को लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। सामूहिक प्रयास से यह आयोजन किया जाना प्रस्तावित किया गया है।

### छुट्टियों में भेदभाव पर सीएलसी ने लिया संज्ञान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र में अधिकारी वर्ग के मुकाबले , छुट्टियों की संख्या में किए जा रहे भेदभाव पर मुख्य श्रम आयुक्त (केंद्रीय) ने संज्ञान लिया है । मुख्य श्रम आयुक्त ने उप मुख्य श्रम आयुक्त रायपुर को पत्र लिखकर, मामले की जाँच करने तथा रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है । बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अमर सिंह ने बताया कि बीएसपी सहित सेल अधिकारी वर्ग के मुकाबले बीएसपी गैर कार्यपालक कर्मचारियों को कम छुट्टी दी जा रही है । इस संबंध में यूनियन ने श्रम विभाग का ध्यानाकर्षित किया था। सेल में एक ही कार्य संस्कृति, एक ही कार्य स्थल होने के बाद भी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ वेज रिवीजन, बोनस,छुटिट्यों के संख्या और पदनाम आदि में काफी भेदभाव किया जा रहा है।

# अपने अंदर के दोषों को पहचानें और उन्हें दूर करने का प्रयास करें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

अपने को सुधारने का प्रयास ही धर्म है। धर्म वही कर सकता है, जिसमें धारण करने का भाव हो। अपने अंदर के दोषों को पहचानने और उसे दूर करने का प्रयास किया जाना चाहिए। अरिहंत भगवानों की वाणी को गणधरों ने आगम के रूप में जैन धर्म ग्रंथ के रूप में उल्लेखित किया है, इनके श्रवण मात्र से हृदय में निर्मलता उदारता, तप, त्याग जैसी भावनाएं उभर कर आती है।

महावीर भवन में चल रहे प्रवचन श्रृंखला में संत ऋषभ सागर जी महाराज साहब आगम के अंतगड सूत्र का वाचन कर उसके सार को कथा रूप में व्यक्त कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि जीवन का अंतिम लक्ष्य मोक्ष की प्राप्ति होनी चाहिए। इस ग्रंथ के माध्यम से जब हम वीर वाणी का श्रवण करते हैं तो हमें भी अपने लक्ष्य का स्मरण आता है, जिस तरह आईना में धूल लगी हो तो अश्क साफ दिखाई नहीं देता, उसी तरह कर्मों की धूल हमारी आत्मा में लगी है जो हमें दिखाई नहीं देती। किंतु धर्म ग्रंथो के श्रवण कर आत्मा की धूल को साफ करने और आत्मा को निर्मल बनाने का यह एक अवसर हमें प्राप्त होता है। अपने अंदर के दोषों को देखने एवं उसे दूर करने का यह एक अवसर है। जिसे अपने अंदर के दोषसमझ में आता है वह उसे सुधारने का प्रयास करता है।

## महावीर भवन में संत ऋषभ सागर जी महाराज का प्रवचन जारी

### पर्यूषण पर्व 31 से

मिली जानकारी के अनुसार 31 अगस्त से पर्युषण पर्व प्रारंभ होगा। उसे भक्तिमय बनाने महावीर भवन प्रांगण में 30 अगस्त को पारसनाथ भगवान की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। इसके लिए प्रसिद्ध जैन तीर्थ सम्मेत शिखर की झांकी बनाई जा रही है।



### आत्मा का दाग धोने के लिए करें तप, आराधना, साधना एवं व्रत

जिस तरह कपड़े का दाग हम साबुन से साफ करने का प्रयास करते हैं, उसी तरह आत्मा के दाग को साफ करने के लिए तप, आराधना, साधना एवं व्रत आदि माध्यम बनता है। अक्षय निधि तप एवं विजय कषाय तप के माध्यम से अपने दोषों को दूर करने एवं गुणों को धारण करने का उपक्रम किया जाता है। जो लोग ये तप कर रहे हैं वे अनुमोदनीय हैं। दोषरहित जीवन ही सार्थक और स्मरणीय होता है। जन्म तो सभी का एक जैसा ही होता है लेकिन मृत्यु कैसी हो यह महत्वपूर्ण होता है।

**लापरवाही :** शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं होने से थम नहीं रहा अवैध कारोबार

# नारागांव में बड़ी मात्रा में बनाई और बेची जा रही महुआ शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

जिले के गुरुर ब्लॉक के अंतिम छोर में बसे वनांचल ग्राम नारागाँव में महुआ शराब की बिक्री जोरों पर है। जहाँ प्रतिदिन सैकड़ों लीटर कच्ची शराब और अवैध शराब की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। जिस पर प्रशासन द्वारा कोई भी कार्यवाही नहीं होने से कच्ची शराब बनाने वाले लोगों के हौसले बुलंद हो गए है। इसका बुरा असर गाँव के छोटे बच्चों पर पड़ने लगा है।

■ पंचायत प्रतिनिधियों ने शासन-प्रशासन पर लगाया ध्यान नहीं देने का आरोप

शराब की लत से युवा और बुजुर्गों पर बुरा असर पड़ रहा है, जिसके चलते गाँव और परिवार मे मारपीट तथा विवादों का महौल बना रहता है। इससे गाँव के स्कूली बच्चे, महिलाएं और गाँव के अन्य लोग बहुत ज्यादा परेशान रहते हैं। ग्रामीण इस समस्या के कारण शाम होते घरों से बाहर निकलने तथा चौराहों पर जाने से कतराने लगे हैं।

**अर्थदंड का भी असर नहीं-** नारागाँव में महुआ शराब बहुत अधिक मात्रा में बनाई जा रही है। इसके लिए ग्रामीणों द्वारा रोक लगाने के लिए अथक प्रयास किया गया। सरपंच प्रतिमा मंडावी, उपसरपंच हेमलाल साहू, ग्राम पटेल पूरन गावड़े, कोतवाल रोहित बेसरा ने बताया कि गाँव में अवैध रूप से शराब बेचने और महुआ शराब बनाने वालों के लिए 20 हजार रूपये का अर्थ दंड गाँव में ग्रामीणों की सहमति से रखा गया था। वहीं इसकी जानकारी देने वाले या पकड़ने वाले को भी 5 हजार रूपये नगद पुरस्कार भी देने का प्रवाधान भी रखा गया था। इसके बावजूद महुआ शराब बहुसंख्यक घरों में शराब बनाई और बेची जा रही है।

**कार्रवाई नहीं होने से बढ़े अवैध कारोबारियों के हौसले-** नारागाँव सहित आश्रित ग्राम किनारगोंदी और एक मोहल्ले में धड़ल्ले से शराब बनाकर बेची जाती है। लेकिन शराब बनाने और बेचने वालो के खिलाफ कोई भी कार्रवाई पुलिस प्रशासन द्वारा नहीं की जाती। इसके कारण शराब बनाने और बेचने वालों के हौसले बुलंद हैं और गाँव के अधिकांश युवा बच्चे और नौजवान नशे का शिकार हो रहे हैं। वहीं, महिलाएं इन शराबियों के कारण घरेलू हिंसा का शिकार हो रही हैं।

### कांकेर जिले से भी पहुंच रही शराब



ग्रामीणों ने बताया कि कार्रवाई नहीं करने से परेशान ग्रामीणों ने सम्बंधित विभाग के आलाधिकारी से नामजद लिखित शिकायत भी की, लेकिन कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण गाँव में देशी शराब की बिक्री और महुआ शराब की बिक्री जोरों से हो रही है। वहीं, ग्राम नारागाँव में मुल्ले, मालगाँव और बालोद जिले के सीमावर्ती जिला कांकेर जिले के चारामा ब्लॉक अंतर्गत स्थित ग्राम दमक्सा कसावही से महुआ शराब लाकर खपाया जा रहा है। इसे गाँव में प्रति बोतल के हिसाब से झिल्ली में पैकेट बनाकर बेचा जा रहा है, जिसकी डिमांड नारागाँव, कांडे, बरही, सांकरा, करहीभदर, परेंगुड़ा, सोरर नर्रा मटिया, धरमपूरा सहित आसपास के अनेक गाँव में है।

# स्वामी आत्मानंद विद्यालय में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस पर हुए विविध कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी माध्यम विद्यालय बालोद में राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस मनाया गया। 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर उतरने वाला अमेरिका, रूस और चीन के, बाद चौथा देश है और उसके दक्षिणी ध्रुवीय क्षेत्र में पहुंचने वाला पहला देश बना था। इस ऐतिहासिक उपलब्धि का सम्मान करने के लिए प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने 23 अगस्त को राष्ट्रीय अंतरिक्ष दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर आयोजित भाषण प्रतियोगिता में डॉली, डिम्पल, लोकेंद्र, पुष्पराज, कीर्तिका, पोस्टर निर्माण में प्रीति, रीना, टीशा, हर्ष, डोमेंद्र आदि ने भाग लिया और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में ग्रुप डी से मोक्ष, निखिल, पामेंद्र, बरखा, रिया ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्राचार्य अरूण कुमार साहू ने कहा कि भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण केवल असाधारण वैज्ञानिक उपलब्धियों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि आम लोगों के दैनिक जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाते हैं। देश तकनीकी विकास और अंतरिक्ष अन्वेषण में सफलताओं के माध्यम से अपने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहा है।

अटल टीकरिंग लैब के प्रभारी पंकज सोनी ने कहा कि चंद्रयान 3 मिशन की सफलता भारत के अंतरिक्ष अन्वेषण के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम को रसायन शास्त्र की व्याख्याता नेमसिंह साहू और व्याख्याता भौतिक शास्त्र नीलम पांडे ने भी संबोधित किया।

## महिलाओं ने रखा कमरछठ का व्रत...



**गुरूर।** शनिवार को ग्रामीण अंचल में हलषष्ठी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। महिलाओं ने अपनी संतान की दीर्घायु की कामना करते हुए व्रत रखा। महिलाओं ने सामूहिक रूप से गांव में सगरी बनाकर पार में काशी के फूल को सजाकर, गौरी गणेश, कलश व हलषष्ठी पूजा की। उसके बाद व्रती महिलाओं द्वारा प्रसाद का वितरण किया। बाद में पसहर चावल और 6 प्रकार की भाजी का साग खाकर व्रत तोड़ा।

# अरमूरकसा व टोला पारा में जनपद सदस्य संजय ने बांटा पसहर चावल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा



शनिवार को अंचल की महिलाओं ने हलषष्ठी व्रत का व्रत रखकर संतान की लंबी आयु की कामना की। इससे पहले जनपद सदस्य संजय बैस ने 500 माताओं को उन्होंने अपनी ओर से पसहर चावल का निःशुल्क वितरण किया। सालभर में केवल एक दिन उपयोग में आने और उत्पादन कम होने के कारण पसहर चावल की कीमत काफी ज्यादा होती है। वहीं, चावल आसानी से उपलब्ध भी नहीं हो पाता। इसलिए जनपद सदस्य संजय बैस ने एक दिन पहले हलषष्ठी व्रत रखने वाली माताओं को अपनी ओर से पसहर चावल भेंट किया। उन्होंने ग्राम अरमूरकसा और टोला पारा में पसहर चावल का वितरण कर सभी माताओं को कमरछठ व्रत की अग्रिम शुभकामनाएं दीं। चावल वितरण में मुरली यादव, गौरी शंकर साहू, गोविंद सिन्हा योगेश धनकर सोमनाथ रावते तिलक साहू योगेश्वरी निर्मल्कर केलेश्वरी कौशिक कृतका रावते रेशमा यादव गुजिता चुनेश्वरी कौशिक खेमीन्न ममता मात्रे फुलेश्वरी पवन दीपा रागनी शर्मा प्रभा हेमलता सोहद्री लोहारा दाई शांता बाई ममता उमेश्वरी जागेश्वरी पुष्पा प्रतिमा हिरमो तिन गीता बाई सुमन डाली का सहयोग रहा।

# सदस्यता अभियान समिति के प्रदेश संयोजक बने डॉ देवेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुसुमकसा

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर आगामी सदस्यता अभियान को देखते हुए भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा छत्तीसगढ़ के सदस्यता अभियान समिति के प्रदेश संयोजक डॉ देवेंद्र माहला को बनाया गया है। डॉ देवेंद्र माहला की नियुक्ति भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय की अनुशंसा पर सदस्यता अभियान समिति की घोषणा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने की है। वर्तमान में डॉ देवेंद्र माहला भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं। ज्ञात हो कि भारतीय जनता पार्टी का सदस्यता अभियान पूरे देशभर में वृहद स्तर पर होने जा रहा है, इसी तारतम्य में सदस्यता अभियान को सुचारू रूप से सम्पन्न कराने एवं अधिक से अधिक सदस्यता कराने हेतु मोर्चा के द्वारा समिति का गठन किया गया है। सदस्यता अभियान प्रदेश संयोजक के दायित्व मिलने पश्चात डॉ माहला ने कहा कि मैं प्रदेश नेतृत्व का आभारी हूँ जिन्होंने मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता को ऐसा महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा। मैं प्रदेश नेतृत्व की उम्मीदों पर खरा उतरने का पूर्ण प्रयाश करूँगा और सदस्यता अधिक से अधिक हो इसे दृष्टिगत रखते हुए कार्य करूँगा।



■ भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास ने की घोषणा

डॉ माहला को दायित्व मिलने पर अ नु सू चि त जनजाति मोर्चा के प्रदेश प्रभारी महेश गागड़ा अध्यक्ष विकास मरकाम समस्त प्रदेश पदाधिकारी समेत, भाजपा जिला अध्यक्ष पवन साहू, महामंत्री राकेश छोटू यादव, चेमन देशमुख, देवेंद्र जायसवाल, होरीलाल रावटे, मण्डल अध्यक्ष मनीष झा, रूपेश सिन्हा, राकेश द्विवेदी, अजजा मोर्चा बालोद जिला अध्यक्ष शुभसिंह कोरेटी, दारा सिंह भौसार्य सहित समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# आधुनिक व वैज्ञानिक भारत का निर्माण करना चाहते थे परसाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

छत्तीसगढ़ प्रगतिशील लेखक संघ भिलाई दुर्ग और छग हिंदी साहित्य सम्मेलन के तत्ववधान में साहित्य परिसर सेक्टर 10 में व्यंग्य के पुरौधा परसाई जयंती पर वैचारिक आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वरिष्ठ समालोचक प्रो. सियाराम शर्मा थे।अध्यक्षता वरिष्ठ कथाकार लोकबाबू ने की ।वरिष्ठ व्यंग्यकार गुलवीर सिंह भाटिया विशिष्ट अतिथि और समीक्षक प्रो.जयप्रकाश मुख्य वक्ता थे । प्रो. सियाराम शर्मा ने हरिशंकर परसाई की प्रासंगिकता को रेखांकित करते हुए कहा कि परतंत्र भारत के सबसे बड़े कथाकार प्रेमचंद की तरह व्यंग्य के पुरौधा परसाई स्वतंत्रता के बाद के भारत के सबसे बड़े लेखक थे । वे अपने लेखन से एक आधुनिक और वैज्ञानिक भारत का निर्माण करना चाहते थे। परसाई वैचारिक लेखन का ऐसा हथियार हैं, जिससे आज विसंगतियों के खिलाफ लड़ाई लड़ सकते हैं। उन्होंने पाखंड ,भ्रष्टाचार,अंधविश्वास जैसी विषमताओं पर प्रहार करते हुए प्रतिरोध का लेखन किया।

### बीएसपी का टाइम ऑफिस चालू रखें

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

सीटू ने ईडी को दिया पत्रसीटू यूनियन ने भिलाई इस्पात संयंत्र प्रबंधन को पत्र देकर बायोमेट्रिक सिस्टम से जुड़े टाईम अफिस को बंद नहीं किए जाने की मांग की है। बताया है कि बायोमेट्रिक फेस रीडिंग अटेंडेंस सिस्टम आने के बाद 1 जुलाई से ही ई-डीपीआर तथा 15 जुलाई को ओ एल ए एम एस बंद कर दिया गया। यूनियन ने इस मामले की पड़ताल करने के बाद यह पाया है कि टाइम ऑफिस को बंद करके टाइम ऑफिस में होने वाले काम को जिन्हें सौंपा गया है उससे ना केवल संयंत्र के कर्मी परेशान हो रहे हैं बल्कि मानव संसाधन विभाग एवं वर्क्स मैनेजमेंट भी परेशान है । टाइम ऑफिस के मामले में पुनर्विचार कर निर्णय लेने हेतु सीटू द्वारा किए गए पड़ताल की बिंदुवार रिपोर्ट सी एंड आईटी, एम एंड यू एवं ई डी वर्क्स के सामने पत्र के माध्यम से प्रस्तुत कर बैठक के लिए समय मांगा।

// आम ईश्तहार //

**ईश्तहारदाता-** शिव प्रसाद पाण्डेय पिता श्री रामदेव पाण्डेय, उम्र - 60 वर्ष, जाति-ब्राह्मण, पता वार्ड नंबर 20, महात्मा गाँधी वार्ड, दल्ली राजहरा, जिला-बालोद (छ.ग.)

यह कि मुझ ईश्तहारदाता का नाम व पता उपरोक्तानुसार है। मेरे तीन संतान है। जिसमें दो पुत्री व एक पुत्र है। मेरी दोनों पुत्रियों का विवाह हो गया है। और वे दोनों अपने-अपने ससुराल में सुखी पूर्वक जीवन यापन कर रही है।

मेरा पुत्र रवि कुमार पाण्डेय है। उनका भी विवाह हो गया है, उनकी पत्नी का नाम ट्विंकल पाण्डेय है।

यह कि मेरे नाम हक व स्वामित्व में एक आवासीय मकान जो कि वार्ड नंबर 20 महात्मा गाँधी वार्ड, दल्ली राजहरा, जिला-बालोद (छ.ग.) है तथा तीन हाईवा वाहन है, तथा मैं स्वयं बी.एस.पी. अंतर्गत ठेकेदारी में काम कर रहा हूँ। जो कि सेवानिवृत्ति पश्चात मुझे जो भी जमा रकम प्राप्त होगी। मैं अपनी उक्त समस्त चल व अचल संपत्ति से अपने पुत्र रवि कुमार पाण्डेय तथा उनकी पत्नी श्रीमती ट्विंक्ल पाण्डेय को बेदखल करता हूँ। यदि आज दिनांक के पश्चात रवि कुमार पाण्डेय तथा उनकी पत्नी श्रीमती ट्विंक्ल पाण्डेय द्वारा मेरे नाम से किसी व्यक्ति या संस्था से कोई लेनदेन करते है तो उनकी सम्पूर्ण जवाबदारी उनकी स्वयं कि होगी। इसके लिए मैं किसी प्रकार से जवाबदार नहीं रहूंगा।

यह आम ईश्तहार सर्व सूचना हेतु दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करता हूँ।

अतः आज दिनांक 16.08.2024 को उक्त आम इश्तिहार प्रकाशन हेतु निष्पादित कर अपने हस्ताक्षर कर दिया हूँ कि सनद रहे व वक्त वो जरुरत पर काम आवें।

हस्ताक्षर ईश्तहारदाता
शिव प्रसाद पाण्डेय

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुषमान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का State of the art NICU including care for Preterm, Term
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

Health Town

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### स्वास्थ्य केन्द्र निकुम में कवि प्यारेलाल ने किया पौधारोपण

**अंडा।** पर्यावरण के संरक्षण व संर्वधन के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निकुम के पूर्व वाहन चालक कवि प्यारे लाल देशमुख ने ग्राम निकुम में लगभग 50 पौधे लगा चुके हैं। उनके द्वारा लगाए गए आम, जामुन, जाम, कटहल, कदम, बरगद, पीपल, नीम, बेल एवं गुलमोहर जैसे कई पौधे बढ़कर इन दिनों पेड़ बन गए हैं, जो धरती का श्रृंगार करने के साथ ही पर्यावरण संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। अपने इसी प्रयास को आगे बढ़ाते हुए श्री देशमुख ने हलषष्ठी पर्व के अवसर पर स्वास्थ्य केन्द्र के स्टाफ के साथ करन, बेल, बादाम जैसे पौधों का रोपण किया। इस कार्य में गोमती-रमेश पवार, मिथलेश (सोनू) देशमुख, रेखा, ममता साहू, रेखा साहू का योगदान रहा। इस अवसर पर कवि प्यारेलाल देशमुख ने लोगों को पौधे लगाकर उनकी सुरक्षा करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि पेड़-पौधे हैं, तभी तक मनुष्य और अन्य जीवों का अस्तित्व है।

### समाज सेवी डालचंद ने माताओं को भेंट की दूध दही और घी



**बालोद।** घीना समाज सेवी डालचंद जैन ने बच्चों की लम्बी उम्र के लिए छत्तीसगढ़ में कमरछठ उपवास के दौरान पूरे माताओं को दूध, दही और घी का निःशुल्क वितरण किया। पूरे ग्रामवासी महिलाएं राम जानकी मंदिर के पास सगरी बनाकर पूजा अर्चना की और अपने बच्चों की लम्बी उमर की कामना की। पंडित वरुण देव तिवारी ने कमरछठ पर्व की पूजा कराई।

### निर्मल ने पिता की स्मृति में बच्चों को कराया न्योता भोज



**गुरूर।** ग्राम तितुरगहन निवासी निर्मल कुमार साहू ने अपने पिताजी स्व. हेमनाथ साहू की बरसी पर उनकी स्मृति में शासकीय प्राथमिक शाला तितुरगहन में न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने अपने परिवारजनों के साथ बच्चों को पूर्ण रूप से न्यौता भोज कराया। उन्होंने एवं उनके परिवार के सदस्यों ने स्वयं अपने हाथों से बच्चों को भोजन परोसा। इस अवसर पर शाला के पूरे बच्चे, शिक्षक व पालक समिति के सदस्य उपस्थित थे।

**पर्व : जिला मुख्यालय सहित अंचल में श्रद्धा के साथ पारंपरिक रूप में मनाया गया पर्व**

# संतान की खुशहाली और दीर्घायु के लिए माताओं ने रखा हलषष्ठी का व्रत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शनिवार को महिलाओं ने अपनी संतान की खुशहाली एवं दीर्घायु के लिए हल षष्ठी का व्रत रखा और सारा दिन निर्जला व्रत रहकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर शाम को बिना हल चलाये तैयार किये गए पसहर चावल को पकाकर 6 प्रकार की भाजी की सब्जी के साथ सेवन कर व्रत समाप्त किया। जिला मुख्यालय सहित अचल में विभन्न जगहों पर महिलाओं ने सामुहिक रूप से पूजा अर्चना की। ग्रामीण क्षेत्रों में भी महिलाओं ने एक स्थान पर सामुहिक रूप से पूजा अर्चना की। महिलाएं सामुहिक रूप से सगरी बनाकर उसमें झरबेरी, पलाश और



कांसी के काशी के पौधे लगाए और वहां पर बैठकर पूजा अर्चना की एवं हलषष्ठी की कथा सुनी। हल षष्ठी व्रत रखने वाली महिलाएं भैंस की दूध दही व घी का उपयोग किया।

**सगरी (कुंड) में डुबाए बच्चों के पैर-** हलषष्ठी व्रत और पूजा अर्चना के दौरान पंडित द्वारा हलषष्ठी माता की कथा सुनाई गई। उसके बाद महिलाओं ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर हलषष्ठी में चढ़ने वाली पूजा सामग्री को परंपरा अनुसार चढ़ाया गया। इस दौरान बच्चों की खुशहाली और लंबी आयु के लिए पूजा स्थल पर बने सगरी (कुंड) में बच्चों के पैर को डूबा कर वापस निकाला गया। मान्यता है कि ऐसा करने से बच्चों के जीवन में खुशहाली आती है।

## जामगांव आर की महिलाओं ने बाजार चौक पर की पूजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

संतान के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना के लिए बाजार चौक जामगांव आर की महिलाओं ने कमरछठ व्रत रखा। उन्होंने सामूहिक रूप से सगरी बनाकर पूजा की और कथा सुनी। माताओं ने सामूहिक रूप से लता पांडे के आंगन में हलषष्ठी व्रत कथा का श्रवण किया। समाजसेवी अंगेश्वर साहू ने बताया कि मान्यता अनुसार माताओं ने घर जाकर पूजा के बाद अपने बच्चों के पीठ पर छह बार पीली पोती मारकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। इस अवसर त्रिवेणी साहू, दिलेश्वरी साहू, उर्मिला यादव, पूजा सागरवंशी, कचरी बाई, राजकुमारी चंद्राकर, जितेंद्री बाई साहू, बुधियारीन, लोचन चंद्राकर, उमा चंद्राकर सहित बड़ी संख्या में ग्राम की माताएं उपस्थित रहीं।



### बटेरा कॉलोनी में महिलाओं ने की हलषष्ठी पूजा

डौंडीलोहारा। गृह निर्माण मंडल कॉलोनी बटेरा में समस्त महिलाओं ने हल छठ पर सामूहिक रूप से पूजा अर्चना की। इस अवसर पर पंडित हरिप्रसाद प्रसाद शर्मा ने पूजा कराई। उपस्थित समस्त महिलाओं द्वारा हलषष्ठी पर्व का विधि विधान से पूजा-अर्चना कर बच्चों के दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दिन महिलाएं अपनी संतान की लंबी उम्र और सुखी जीवन के लिए व्रत रखती हैं। ज्यादातर इस व्रत को पुत्रवती स्त्रियां ही रखती हैं। सनातन धर्म में इस व्रत की बड़ी महिमा बताई जाती है। इतना ही नहीं इस व्रत को करने से धन और ऐश्वर्य की भी प्राप्ति होती है।

## अंडा अंचल में श्रद्धा के साथ मना हलषष्ठी पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम डौकीडीह, ओटेबंद, सिरसिदा,परसदा, खपरवाडा, देवरी खडगनिया, नाहंदा , गुरेदा, सलौनी, भिलाई, चीचा, ओडारसकरी, मटिया,द वगहन में विधि-विधान से हलषष्ठी मनाया गया। ग्राम पंचायत प्रतिनिधि केदार देशमुख ने बताया कि महाविष्णु मंदिर जगभाठा ओटेबन्द में हलषष्ठी पं. योगेश तिवारी, गणेश शर्मा, शिव पाण्डेय के द्वारा संपन्न कराया गया। पूजा-अर्चना के बाद सभी ग्रामीणों को प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर पार्वती देशमुख लुकेश, पूजा बेलचंदन ,यशोदा देशमुख, शकुंतला बाई, लोचन निषाद, केशरी बाई ,रामबाई मेडम जी राधिका बाई दीपमाला शोहद्रा बाई एवं समस्त माताएं सलोनी से पूजा में शामिल हुए।





### फागुनदाह में महिलाओं ने रखा हलषष्ठी व्रत

**गुरूर।** ग्राम फागुनदाह में हलषष्ठी पर्व पर माताओं ने अपने संतान की सुरक्षा व स्वास्थ्य के लिए निर्जला व्रत रखकर पूजा अर्चना करने के साथ कथा का श्रवण किया। शाम को बिना हल चले चावल के साथ 6 प्रकार की भाजी पकाकर उसे खाकर व्रत तोड़ा।

## पूजा-अर्चना के बाद बच्चों की पीठ पर मारी पीली पोती, दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा

दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में प्राचीन परंपरा अनुसार हलषष्ठी माताओं ने अपने बच्चों की लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए श्रद्धा के साथ मनाया। शनिवार को माताओं ने व्रत रखा और सामूहिक रूप से सगरी निर्माण कर वहां पूजा अर्चना की और बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। पूजा के बाद घर जाकर अपने बच्चों की पीठ पर छह बार पीली पोती मारकर उनके दीर्घायु जीवन की कामना की। शनिवार को दल्लीराजहरा बाजार में हलष्ठी पर्व को लेकर खासी रौनक रही। पसहर के चावल समेत छह प्रकार के भाजी व पूजा सामानों की महिलाओं ने खरीदारी की।

■ दल्लीराजहरा सहित क्षेत्र में परंपरा अनुसार मना हल षष्ठी पर्व



बघेरा निवासी नीरा साहू ने बताया कि हलषष्ठी पर्व पर महिलाएं व्रत पूरा करने के बाद बिना हल चले हुए जमीन से उपजे अनाज (पसहर चावल) का सेवन किया। उन्होंने बताया कि इस व्रत में गाय के दूध, दही, घी का सेवन करना मना है, इसलिए इस दिन भैंस के दूध, दही, घी का सेवन किया जाता है। इसी तरह हल चली हुई भूमि पर उगे अनाज को भी ग्रहण नहीं करतीं।



### विधायक संगीता ने हलषष्ठी पर की पूजा

**गुरूर।** हलषष्ठी पर विधायक संगीता सिन्हा ने अन्य महिलाओं के साथ मिलकर सामूहिक पूजा में भाग लिया तथा कथा का श्रवण किया। कई बुजुर्ग महिलाओं ने हलषष्ठी की कथा सुनाई। उसके बाद महिलाओं ने घर पहुंचने के बाद प्रसाद के रूप में बिना हल चले चावल जिसे पसहर चावल का भात बनाने के साथ ही 6 प्रकार की भाजी की सब्जी खाकर व्रत तोड़ा। बता दें कि, महिलाएं प्रसाद बनने के बाद सबसे पहले अन्य पशु पक्षियों जैसे कुत्ता, बिल्ली, कौवा व चीटियों व अन्य पक्षियों के लिए अलग से दोने मे निकालकर घर के अलग अलग स्थानों में रख देते हैं, जिसके बाद परिवार के अन्य सदस्यों व स्वयं प्रसाद को ग्रहण कर उपवास तोड़ती हैं।

### ग्राम रेंघई की माताओं ने हलषष्ठी पर की पूजा



**डौंडीलोहारा।** ब्लॉक के ग्राम रेंघई के माताओं ने अपने संतान की सुख समृद्धि एवं सुरक्षा के लिए हलषष्ठी व्रत रख पूजा अर्चना कर हलधर बलराम भगवान जी को मनाते हुए तथा गांव की सुख समृद्धि एवं सुरक्षा का कामना करते विधि विधान से पूजा अर्चना की। कथा वाचन मोहन दास वैष्णव ने किया। व्रती माताएं बर्खा वैष्णव, विजयलक्ष्मी पटेल,जया पटेल, शैलेन्द्री खरे, रितु साहू, पुष्पा जमदार,उमेश्वरी कोलियारे, यशकुमारी, निर्मला अश्वार्य, मालती साहू, गीतांजली साहू, सरिता चुरेंद्र,रेखा चुरेंद्र ,मोंगरा चुरेंद्र ,केमिन पिस्दा,तोलेश्वरी पिस्दा,कन्या बाईं भुआर्य,हेमिन भुआर्य,हीरा चन्द्राकर, शीला चन्द्राकर,नीरा चन्द्राकर, ममता माहला,दीपा पिस्दा, कुसुम पिस्दा, दुलेश्वरी पिस्दा,काजल साहू,वीना चन्द्राकर, खिलेश्वरी गांवरे एवं अन्य माताओं ने व्रत रखा और पूजा-अर्चना की।

तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - घातुस्त्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, शुगर रोग, सिर दर्द, मूत्र रोग, टी.बी., पीलिया, पथरी, केशरोग, नेत्र व दांत रोग का इलाज होता है

एजेन्सी देना है...
हरिभूमि समाचार पत्र को बालोद जिले के अंतर्गत अर्जुन्दा में एजेंसी देना है।
समाचार लिखने, विज्ञापन एवं प्रसार में लक्ष्य प्राप्त करने वाले व्यक्ति को प्राथमिकता।
सुरक्षा राशि जमा करने में सक्षम व्यक्ति संपर्क करें।
हरिभूमि ब्यूरो कार्यालय, बालोद
सरदार पटेल मैदान के पास जवाहरपारा बालोद
मो. 8319268069, 9425565082
हरिभूमि कार्यालय, रायपुर
धमतरी रोड, टिकरापारा रायपुर (छ.ग.)
8370049468



### ग्राम डोकला की महिलाओं ने सगरी बनाकर की पूजा

**गुरूर।** संतान की लंबी उम्र के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचलों में शनिवार को माताओं ने कमरछठ का व्रत रखा। कमरछठ में छह तरह की भाजियां, पसहर चावल, काशी के फूल, महुआ के पत्ते, धान की लाई सहित पूजा की कई छोटी-बड़ी पूजन की सामग्री भगवान शिव को अर्पित कर संतान के दीर्घायु जीवन की कामना की। ग्राम डोकला में माताओं ने कमर छठ पर्व पर निर्जला उपवास व सगरी बनाकर पूजा अर्चना की। डोकला की माताओं ने बताया कि यह व्रत संतान की दीर्घायु के साथ ही संतान प्राप्ति के लिए भी किया जाता है। इस व्रत में छह तरह की ऐसी भाजियों का उपयोग किया जाता है, जिसमें हल का उपयोग ना किया जिसमें चरोटा भाजी, खट्टा भाजी, चेंच भाजी, मुनगा भाजी, कुम्हड़ा भाजी, लाल भाजी, चौलाई भाजी शामिल हैं।

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 8,500/-
रायपुर, बिलासपुर से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 सितम्बर से 19 सितम्बर 2024 तक
11 जनवरी से 17 जनवरी 2025 तक
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, माँ कामाख्या देवी, श्री जगन्नाथ पुरी
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar , KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411

HI TEK SUPER SPECIALITY HOSPITAL
AMBULANCE & EMERGENCY CALL : 0788 4056666
पेट व लिवर के रोग
(गैस्ट्रोएंटरोलॉजी)
अपच, गैस, भोजन नहीं निगल पाना, भोजन का मुंह में लौट आना, पेट में दर्द, कब्ज, पीलिया तथा लिवर से संबंधित सभी रोग, एंडोस्कोपी, कोलोनोस्कोपी, ईआरसीपी, सभी सर्जरी दूरबीन पद्धति से.
अन्य विशेषज्ञ सेवाएं
● स्नायुरोग ● अस्थिरोग विभाग
● चेहरा/जबड़ा (मैक्सिलोफेशियल)
● कार्डियोलॉजी ● फिजियोथेरेपी
● कान-नाक-गला (ईएनटी)
● 24 घंटे डायलिसिस
जुनवानी रोड, सूर्या टीआई मॉल के पास, स्मृति नगर, भिलाई
Call : 0788 4056666, 7389192333 Visit : hitekhospitals.com